अमर उजाला 18.6.26

# रोजगार योजना में बांटे जाएंगे नियुक्ति पत्र

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (पीएमवीबीआरवाई) के तहत शुक्रवार को सेक्टर-32 स्थित एसडी कॉलेज में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में योजना के लाभार्थी, नियोक्ता, उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि और अन्य लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम का आयोजन कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान पहली बार नौकरी पाने वाले युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। साथ ही योजना के तहत मिलने वाले प्रोत्साहन भी वितरित किए जाएंगे। यह योजना श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की पहल है, जिसका उद्देश्य अधिक लोगों को औपचारिक रोजगार से जोड़ना और उन्हें सामाजिक सुरक्षा का लाभ देना है। नई नौकरी शुरू करने वाले कर्मचारियों और नए रोजगार उपलब्ध कराने वाले नियोक्ताओं दोनों को प्रोत्साहन दिया जाता है। ब्यूरो

Chandigarh Tribune 19.6.26

# 5,435 first-time employees to get ₹3.26 crore under Central scheme today

**CHANDIGARH, JUNE 18**

The Union Ministry of Labour and Employment will disburse an amount of nearly Rs 3.26 crore among 5,435 first-time employees registered with the Chandigarh Regional Office of the Employees' Provident Fund Organisation (EPFO) during a ceremony on Friday.

Talking to mediapersons here on Thursday, Kishan Pratap Singh, Regional PF Commissioner-I, said an amount of nearly Rs 8.38 crore would be disbursed among 15,287 beneficiaries of Punjab and Himachal Zone under the Pradhan Mantri Viksit Bharat Rojgar Yojana (PM-VBRY).

Under the Centre's Employment-Linked Incentive (ELI) Scheme, eligible first-time employees registered with the EPFO receive one month's wage, up to Rs 15,000 in two instalments, while employers are provided incentives of up to Rs 3,000 per month per additional employee for a period of two years for generating additional employment. The manufacturing sector is eligible for extended support for an additional two years, thereby encouraging sustained job creation in labour-intensive industries.

To qualify, EPFO-registered establishments must recruit at least two additional employees (for establishments with fewer than 50 employees) or five additional employees (for establishments with 50 or more employees).

To mark the successful implementation of the PM-VBRY, the Ministry of Labour and Employment will organise a national event to be presided over by Prime Minister Narendra Modi at Vigyan Bhawan in New Delhi tomorrow. As part of a nationwide outreach effort, regional programmes will be organised simultaneously at 200 locations across the country.

In Chandigarh, Mayor Saurabh Joshi will attend the event at Goswami Ganesh Dutta Sanatan Dharma College, Sector 32. — TNS

दैनिक सवेरा 19.6.26

# एसडी कॉलेज में पीएम-वीबीआरवाई का आयोजन आज, 6 हजार को लाभ

**सवेरा न्यूज/ राकेश**

चंडीगढ़,18 जूनः रोजगार को बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार (19 जून) को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना का मुख्य राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश भर के लाभार्थियों को 2,400 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित करेंगे। इसी मुख्य कार्यक्रम के समानांतर जीजीडीएसडी कॉलेज में भी एक भव्य क्षेत्रीय आयोजन होगा, जिसमें दिल्ली के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। चंडीगढ़ के कार्यक्रम में शहर के मेयर सौरभ जोशी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ से करोड़ों का होगा वितरण चंडीगढ़ में होने वाले इस कार्यक्रम में शहर के

## नई दिल्ली के विज्ञान भवन में होगा, पीएम मोदी करेंगे 2400 करोड़ रुपये का डिजिटल वितरण

विभिन्न प्रतिष्ठानों के कर्मचारी, नियोक्ता और एसोसिएशन के सदस्य बड़ी संख्या में भाग लेंगे। क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ के तहत योजना के भाग-ए (कर्मचारी) के 5,435 लाभार्थियों को 3.26 करोड़ रुपये और भाग-बी (नियोक्ता) के 794 संस्थानों को 26.63 करोड़ रुपये का संभावित लाभ दिया जाना है। इसके अलावा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश अंचल में कुल 15,287 कर्मचारियों को 8.38 करोड़ रुपये और 2,428 नियोक्ताओं को 56.85 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का फायदा मिलेगा।